Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of an underpass at NH-44 GT Road

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सड़क व परिवहन मंत्री माननीय गडकरी जी का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र के बहुत जरूरी विषय की ओर दिलाना चाहता हूं।

कुरुक्षेत्र के गांव उमरी में हरियाणा का ही नहीं बल्कि उत्तर भारत का एकमात्र राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान है। पंचायती राज विभाग का एक रास्ता, जो ग्राम पंचायत की भूमि पोलिसरी झिंडा-बाजीगर की तरफ से एनएच-44 जी.टी. रोड तक जाता है और आगे संस्थान तक जाने के लिए एनएच-44 को पार करना पड़ता है। इस रोड को पार करते समय कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। यहां हर समय दुर्घटना होने का डर बना रहता है। गांव उमरी की जनसंख्या लगभग 15,000 के आसपास है, लगभग 135 एकड़ ग्राम पंचायत की जमीन एनएच-44 जी.टी. रोड के दूसरी तरफ है। इस ग्राम पंचायत का एक डेरा झिंडा-बाजीगर है, जिसकी जनसंख्या 1400 के आसपास है। डेरा झिंडा-बाजीगर के आसपास गांव के विद्यार्थी पढ़ने के लिए गवर्नमेंट सीनियर सैकेंड्री स्कूल, उमरी में आते हैं और उनको एनएच-44 जी.टी. रोड क्रास करनी पड़ती है। मेरा आपसे निवेदन है कि वहां भूमिगत रास्ते का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए।